nt>

14.03 hrs.

MATTERS UNDER RULE 377

Title: Need to Release Funds for Construction of a Tunnel at Rohtang with a view to link Lahaul Valley with Leh.

श्रीमती प्रतिमा सिंह (मंडी) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से रक्षा मंत्री महोदय के ध्यान में लाना चाहती हूं कि भू.पू. प्रधान मंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी जी का सपना था कि हिमाचल प्रदेश के पर्यटक स्थल मनाली के निकट स्थित रोहतांग दर्रे के नीचे टनल बनाकर लाहौल वैली और लेह को जोड़ा जाए। सामरिक महत्व की इस योजना में 9 किलोमीटर लम्बी टनल निर्माण हेतु भारत सरकार ने मई, 2002 में स्वीकृति प्रदान की। टनल निर्माण हेतु प्रारम्भिक कार्यों के अन्तर्गत राट्रीय राजमार्ग न.21 पर मनाली बाई-पास बनाने हेतु 1.630 किलोमीटर सड़क का निर्माण आवश्यक है। इसके लिए रुपये 448.35 लाख की स्वीकृति हेतु मुख्य अभियंता (राट्रीय राजमार्ग) हि.प्र. सरकार ने दिनांक 23.07.2003 को भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से धन आबंटित करने की प्रार्थना की थी।

देश की रक्षा की दृटि से महत्वपूर्ण रोहतांग टनल का कार्य प्रारंभ करने हेतु आवश्यक मनाली बाई-पास निर्माण करने तथा पर्यटन को बढ़ावा देने की दृटि से मेरी मंत्री महोदय से प्रार्थना है कि इस परियोजना हेतु पर्याप्त धन आबंटन करें।